दिनांकः 19.05.2026
समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा में आज शाम इटली के रोम पहुंचेंगे। श्री मोदी का दो दिन का ये दौरा भारत और इटली के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी नवाचार के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के दौरे को लेकर प्रवासी भारतीय के साथ स्थानीय इटालियन कारोबारियों में उत्साह है। वे भारत में व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं।

केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने आज जयपुर में मुख्यमंत्री आवास पर एक अहम बैठक ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान राजस्थान को कोयले की निर्बाध आपूर्ति, तकनीक आधारित खनन और खनिजों के बेहतर दोहन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इससे पहले, केन्द्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने कल राजसमंद जिले के राजपुरा दरीबा में हिन्दुस्थान ज़िंक संयंत्र का जायज़ा लिया। उन्होंने राजस्थान में प्रौद्योगिकी आधारित भूमिगत खनन, एकीकृत धातु गलाने की प्रक्रियाओं और सामुदायिक विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान ज़िंक का परिचालन विकसित भारत के दृष्टिकोण को दर्शाता है। 11 लाख टन से अधिक परिष्कृत उत्पादन क्षमता के साथ ये संयंत्र आत्मनिर्भर औद्योगिक ईको सिस्टम का उदाहरण पेश करता है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जो एक हफ्ते से भी कम समय में दूसरी बढ़ोतरी है। दिल्ली में, पेट्रोल की कीमत अब 98 रुपये 64 पैसे प्रति लीटर है, जबकि डीजल की कीमत 91 रुपये 58 पैसे है। इधर, राजधानी जयपुर में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 108 रुपये 94 पैसे प्रति लीटर पर पहुंच गई है, वहीं डीजल 94 रुपये 17 पैसे प्रति लीटर हो गया है। बढ़ी हुई दरें आज सुबह 6 बजे से लागू हो गई हैं। ईरान संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावटों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी के बाद ये बढ़ोतरी की गई है।

सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों से लावारिस श्वानों को हटाने के अपने पहले के आदेश में किसी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नवम्बर 2025 के आदेश में बदलाव की मांग करने वाली याचिकाओं को आज खारिज कर दिया। अदालत ने अधिकारियों को ऐसे कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया। अस्पतालों, स्कूलों और अन्य स्थानों पर कुत्तों के हमलों की घटनाओं को बेहद चिंताजनक बताया गया है। इनका हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों को अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पशु जन्म नियंत्रण केंद्र स्थापित करने, रेबीज रोधी टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और रेबीज से संक्रमित या खतरनाक कुत्तों के इच्छामृत्यु सहित कानूनी रूप से अनुमत उपाय करने का भी निर्देश दिया।

जयपुर विकास प्राधिकरण ने पारदर्शिता की पहल को आगे बढ़ाते हुए भूमि आवंटन का ब्यौरा सार्वजनिक किया है। जेडीए आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि साल 2014 से 2026 तक जमीन के बदले जमीन से संबंधित मामलों में आवंटित भूमि का विवरण विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध

कराया गया है। इस जानकारी में संबंधित जोन, योजना का नाम, भूखण्ड संख्या और आकार सहित अन्य जरूरी ब्यौरा शामिल किया गया है, जिससे आम लोगों और संबंधित पक्ष को किसी प्रकार की भ्रांति नहीं रहे और आसानी से समुचित जानकारी मिल सके। यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में अहम मानी जा रही है।

प्रदेश में ईंधन बचत मुहिम के तहत लोगों को जागरुक किया जा रहा है। इसी कड़ी में झुंझुनूं जिले की चिड़ावा नगर पालिका में अनुकरणीय पहल देखने को मिल रही है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सहित सभी कार्मिक साइकिल से दफ्तर पहुंच कर ईंधन बचत का संदेश दे रहे हैं।

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। ये मैच जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। आईपीएल मैच को देखते हुए जयपुर में यातायात पुलिस ने विशेष ट्रेफिक व्यवस्था लागू की है। कई मार्गों पर यातायात डायवर्ट रहेगा। उधर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, वहीं, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स मुकाबले से बाहर हैं।